CH. BALLURAM GODARA GOVT. GIRLSCOLLEGE, SRIGANGANAGAR (RAJASTHAN)

ACADEMIC SESSION:2021-2022

WORKSHOP ON ENTREPRENEURSHIP AND SKILL ENHANCEMENT

(19 FEBRUARY, 2022)

महाविद्यालय में जिला उद्योग केंद्र और योजना मंच, उन्नत भारत अभियान सलाहकार समिति, एक भारत श्रेष्ठ भारत, उपभोक्ता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस शिविर में मुख्य अतिथि एवं वक्ता जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल थे। उन्होंने मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के साथ अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इन योजनाओं के अन्तर्गत सहायता, अनुदान एवं सुविधाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि युवा स्वयं का रोजगार सृजन कर न केवल स्वाबलंबी
बन सकते है वरन लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकते हैं। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रोजगार प्राप्त युवा आत्मनिर्भर होकर परिवार और समाज का विकास करता है। समिति प्रभारी डॉ. आशाराम भार्गव ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता हेतु स्वावलंबी होना आवश्यक है। डॉ. मधु वर्मा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर योजना मंच के महाविद्यालय नोडल जयकिशन, समिति सदस्य गुरप्रीत सिंह, जसवीर सिंह, मनोज बजाज, रविशंकर व्यास एवं छात्राएं उपस्थित थे।

WORKSHOP ON ENTREPRENEURSHIP AND SKILL-ENHANCEMENT (19/02/2022)

February 19, 2022

Janmarg, Sgnr P 3

गोदारा कॉलेज में छात्राओं को दी रोजगार की जानकारी

श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में जिला उद्योग केंद्र और योजना मंच, उन्नत भारत अभियान सलाहकार समिति,एक भारत श्रेष्ठ भारत, उपभोक्ता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं पर शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस शिविर में मुख्य अतिथि एवं वक्ता जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल ने मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के साथ अनेक कल्याणकारी योजनान्तर्गत सहायता, अनुदान एवं सुविधाओं की सारगर्भित जानकारी दी और कहा कि युवा स्वयं का रोजगार सृजन कर न केवल स्वाबलंबी बन सकते है वरन लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकते हैं। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रोजगार प्राप्त युवा आत्मनिर्भर होकर परिवार और समाज का विकास करता है। समिति प्रभारी डॉ. आशाराम भार्गव ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता हेतु स्वावलंबी होना आवश्यक है। डॉ. मधु वर्मा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर योजना मंच के महाविद्यालय नोडल जयकिशन, समिति सदस्य गुरप्रीत सिंह, जसवीर सिंह, मनोज बजाज, रविशंकर व्यास एवं छात्राएं उपस्थित थी।